बरेली, रविवार
5 नवंबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 22+6=28

दैनिक जागरण

PAGE NO, IV, TOP

लक्ष्य और अंकिशा सेमीफाइनल में पहुंचे

जासं, बरेली : राममूर्ति स्मारक तीसरी उप्र स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट-2023 शनिवार को शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलाजी के चेयरमैन देवमूर्ति ने किया। बालक अंडर-13 वर्ग में खेले गए मुकाबले में लखनऊ के लक्ष्य कुमार ने गोरखपुर के तेजस मौर्या को हराया। इससे पहले लक्ष्य ने बालक अंडर-11 के खेले गए क्वार्टर फाइनल में लखनऊ के लक्ष्य कुमार ने गौतमबुद्ध नगर के परकुल कुमार को मात दी। वहीं बालिका अंडर-13 में वाराणसी की अनोखी केसरी ने आगरा की अदिति जायसवाल को शिकस्त दी। इसी वर्ग के दूसरे मैच में आगरा की अंकिशा मिश्रा ने गौतमबुद्ध नगर की अदरिजा नवश्री को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अंडर-13 बालक वर्ग के अन्य मैच में गाजियाबाद के अर्नव थापा ने लखनऊ के पडवई मेहता को मात दी। बालिका अंडर-11 में आगरा की पहल गुप्ता ने गाजियाबाद की अनन्या सिंह को हराकर टूर्नामेंट के अगले चरण में प्रवेश किया। बरेली टेबल टेनिस संघ के सचिव दीपेंद्र कामथान, अमित सिंह, डा. प्रभाकर गुप्ता आदि मौजूद रहे।

स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में खेलते खिलाड़ी • जागरण

PAGE NO, 05, TOP LEFT

टेबल टेनिस : यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज में प्रातः नौ बजे।